# सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख : अजमेर में आनासागर क्षेत्र में हुए निर्माणों पर कार्रवाई

## नगर निगम ने फूड कोर्ट में फर्श और गांधी स्मृति उद्यान में बने पाथ-वे पर जेसीबी चलाई



सेवन वंडर पार्क से क्रेन की मदद से स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी को हटाया।

**अजमेर, (कासं)।** सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख के बाद सोमवार को स्थानीय प्रशासन हरकत में आ गया। वेटलैंड स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत करोड़ों रुपए की लागत से बने सेवन वंडर पार्क से क्रेन की मदद से स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी को हटाना शुरू कर दिया है। इससे पहले नगर निगम ने फूड कोर्ट में फर्श और गांधी स्मृति उद्यान में बने पाथ-वे पर जेसीबी का पीला पंजा चला। यहां उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार व जिला प्रशासन से सवाल किया था कि आनासागर झील के भराव क्षेत्र में हुए अतिक्रमणों को अब तक क्यों नहीं हटाया गया। 9 मार्च को सेवन वंडर पार्क के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया, जिससे पर्यटकों का प्रवेश बंद हो गया था।

**फूड कोर्ट व गांधी स्मृति उद्यान पर जेसीबी चली :-**स्मार्ट सिटी योजना के तहत अजमेर में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की गईं,लेकिन अधिकाशं प्रोजेक्ट सवालों के घेरे में हैं। सेवन वंडर से पहले ऋषि उद्यान के पीछे और आनासागर झील किनारे बना लेक व्यू रेस्टोरेंट और पुष्कर रोड स्थित फूड कोर्ट भी बंद किया गया है। अब निगम प्रशासन द्वारा फूड कोर्ट के फर्श जेसीबी से तोड़ा जा रहा है। निगम अधिकारियों का कहना है कि पक्का फर्श हटाकर घास उगाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि फूड कोर्ट के निर्माण के बाद से यह विवादों में रहा और इसको लेकरभी एनजीटी ने इसके निर्माण पर कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। एनजीटी ने प्रमुख रूप से पटेल स्टेडियम के रिनोवेशन एंड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गांधी स्मृति उद्यान में (बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन), पाथवे के निर्माण पर कड़ी आपत्ति जताई है।

सेवन वंडर को आनासागर झील के भराव क्षेत्र में बनाया गया था, जिसमें ताज महल, झूलती मीनार, एफिल टॉवर सहित सात अजूबा इमारतों प्रतीकों का निर्माण किया गया था। यह पर्यटन स्थल काफी लोकप्रिय हो रहा था। अजमेर विकास प्राधिकरण ने इसके संचालन का ठेका एक नीजीफार्म को 1.3 करोड़ सालाना पर दिया था। लेकिन इसी बीच सामाजिक कार्यकर्ता अशोक मलिक और भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह शेखावत ने इस निर्माण के खिलाफ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में याचिका दायर कर दी। एनजीटी ने आदेश दिया कि आनासागर झील के भराव क्षेत्र में बने सभी अवैध निर्माण हटाए जाएं। सोमवार देर शाम को प्रशासनिक अधिकारियों ने सेवन वंडर से मूर्तिया व निर्माण हटाने शुरू कर दिए।

**आनासागर के भराव क्षेत्र में बसी कॉलोनी पर भी संकट के बादल :-**सेवन वंडर पर ताले लगने के बाद अब आनासागर के भराव क्षेत्र में बसी आवासीय कॉलोनियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी संकट आ सकता है। इससे पहले जिला प्रशासन ने रीजनल कॉलेज के सामने स्थित 60 से अधिक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सीज किया था, वृंदावन रेस्टोरेंट और गोविंद समारोह स्थल भी शामिल हैं।

**सुप्रीम कोर्ट की सख्ती और सरकार की अपील :-**राज्य सरकार ने सेवन वंडर को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील की, लेकिन वहां से कोई राहत नहीं मिली। उल्टा सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के मुख्य सचिव को 17 मार्च को व्यक्तिगत रूप से तलब

- **सेवन वंडर पार्क बंद हुआ, क्रेन की मदद से स्टेच्यू को हटाया**

कर लिया। इसके बाद पिछले दिनों मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अजमेर का दौरा किया और सेवन वंडर को बंद करने के निर्देश दिए गए। अब आवासीय कॉलोनियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी संकट सेवन वंडर पर ताले लगने के बाद अब आनासागर के भराव क्षेत्र में बसी आवासीय कॉलोनियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी तलवार लटक गई है। इससे पहले प्रशासन ने रीजनल कॉलेज के सामने स्थित 60 से अधिक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सील किया था, जिनमें वृंदावन रेस्टोरेंट और गोविंद समारोह स्थल भी शामिल हैं।

**वर्ष 2014 में तीन शहरों को किया था स्मार्ट सिटी में शामिल :-**वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के तीन शहरों को स्मार्ट सिटी में शामिल करने की घोषणा की थी, जिसमें अजमेर भी शामिल था, लेकिन हालात यह हैं कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की योजनाएं धरातल पर सही तरीके से नहीं उतर पाईं। करोड़ों की लागत से बने प्रोजेक्ट अब या तो बंद हो रहे हैं या कानूनी अड़चनों में फंसे हुए हैं।

# 21 अप्रेल से शुरू होंगे आरएएस भर्ती-2023 के साक्षात्कार

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023 के साक्षात्कार आगामी 21 अप्रेल से शुरू किए जाएंगे। इस संबंध में विस्तृत कार्यक्रम यथा समय जारी कर दिया जाएगा।

आयोग सचिव ने बताया कि उक्त भर्ती के अन्तर्गत प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम में सफल रहे 19355 अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा का आयोजन 20 एवं 21 जुलाई 2024 को किया गया था। मुख्य परीक्षा का परिणाम 2 जनवरी 2025 को जारी किया जाकर 2168 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु सफल घोषित किया गया था। इन अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। इस संबंध में अभ्यर्थियों को सूचना उपयुक्त माध्यमों से दे दी जाएगी। अद्यतन जानकारी के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट का समय-समय

- **प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम में सफल रहे 19355 अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा का आयोजन 20 एवं 21 जुलाई 2024 को किया गया था**

पर अवलोकन कर सकते हैं।

**कुल 972 पदों के लिए आयोजित होंगे साक्षात्कार :-**उक्त भर्ती का विज्ञापन 28 जून 2023 को जारी किया जाकर कुल 905 पद ( राज्य सेवाएं 424 एवं अधीनस्थ सेवाएं 481) के लिए अभ्यर्थियों से 1 जुलाई से 31 जुलाई 2023 तक आवेदन प्राप्त किए गए थे। कार्मिक (क-4/2) विभाग से प्राप्त नवीन वर्गवार वर्गीकरण एवं निर्देशानुसार पदों की कुल संख्या 972 (राज्य सेवाएं 491 एवं अधीनस्थ सेवाएं 481) किए जाने के संबंध में शुद्धि-पत्र संख्या 6/2023-24 19 अक्टूबर 2023 को जारी किया गया था।

**6 लाख 96 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के लिए हुआ था प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन :-** भर्ती अन्तर्गत कुल पंजीकृत 6 लाख 96 हजार 969 अभ्यर्थियों हेतु प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 1 अक्टूबर 2023 को प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक किया गया। परीक्षा में कुल 4 लाख 57 हजार 927 अभ्यर्थी उपस्थित हुए थे। परीक्षा समाप्ति उपरांत आयोग द्वारा सायंकाल मॉडल उत्तरकुंजी जारी की गई। इस मॉडल उत्तरकुंजी पर 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर 2023 तक परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आपत्तियां आमंत्रित की गई थी। प्राप्त आपत्तियों के परीक्षण उपरांत 20 अक्टूबर 2023 को आरएएस (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 का परिणाम जारी किया गया था।

## नकलची पकड़ा

**अजमेर, (कासं)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सेकण्डरी और सीनियर सेकण्डरी की परीक्षाएं जारी है। सोमवार को उच्च माध्यमिक अंग्रेजी विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। बोर्ड ने जोधपुर में एक परीक्षार्थी को नकल करते पकड़ा है। बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि सोमवार को उच्च माध्यमिक अंग्रेजी अनिवार्य विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। वीक्षकों ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सालवा कलां जोधपुर परीक्षा केन्द्र पर एक परीक्षार्थी को नकल करते पकड़ा है। वह पासबुक के दो पन्ने अपने साथ लाया था।


**कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक**
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, प्रतापनगर, उदयपुर
(विशाल पेट्रोल पम्प के सामने जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण परिसर)
क्रमांकःएफ( )/निविदा/PMKSY 2.0/2024-25/7153 दिनांकः03/03/2025
**ई निविदा सूचना 78-80/2024-25**
प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक सलुम्बर, झल्लारा एवं जयसमंद जिला सलुम्बर (3 पैकेज) में जलग्रहण विकास कार्य (एनआरएम मद) के लिए बीड, अनुमानित मूल्य 233.27 लाख रुपये दिनांक 17.03.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक इच्छुक बोलीदाताओं से आमंत्रित की जाती है। बोलियों से संबन्धित विस्तृत विवरण राज्य सरकार के पोर्टल (https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in/) पर देखे जा सकते है।
यूबीएन संख्या-WSC2425WSOB01301, WSC2425WSOB01302, WSC2425WSOB01303
अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर प्रतापनगर, उदयपुर
DIPR/C/3281/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा0 अभि0 विभाग, खण्ड धौलपुर**
मचकुण्ड चौराहा जी0टी0रोड धौलपुर, फोन नं0 05642-220728 ई-मेल ee.dho.phed@rajasthan.gov.in
क्रमांक-2916-23 **ई-निविदा सूचना संख्या 60-63/2024-25** दिनांक-28.02.2025
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड के अधीन विभिन्न कार्यों की उपरोक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण निम्न यू.बी.एन. के अनुसार www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.rajwater.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउन लोड भी किये जा सकते है।

| | |
|---|---|
| एन.आई.बी.नं. | NIB NO. PHE2415A5021 |
| यू.बी.एन. | PHE2425WSOB010787 |
| यू.बी.एन. | PHE2425WSOB010788 |
| यू.बी.एन. | PHE2425WSOB010789 |
| यू.बी.एन. | PHE2425WSOB010790 |

(आशाराम मीणा) अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा0 अभि0 विभाग, खण्ड धौलपुर
DIPR/C/3280/2025

**Office Executive Engineer Water Resources Division Khajuwala**
No.:-Acctt/ NIB 04/2024-25/3117 Dated:-5/3/2025
**Notice Inviting Bid**
(NIB Code WRN2425A0071)
Bid for the Reconstruction of Various Water Courses at Anoopgarh Branch IGNP estimated cost Rs 29.19 to 67.58 Lacs of invited from prospective bidders upto 17.03.2025 at 6.00 PM. Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal http://www.eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, of the state and www.water.rajasthan.gov.indepartmental website.
UBN No- WRN2425WSOB00265, WRN2425WSOB00266, WRN2425WSOB00267 WRN2425WSOB00268, WRN2425WSOB00269, WRN2425WSOB00270 WRN2425WSOB00271, WRN2425WSOB00272, WRN2425WSOB00273 WRN2425WSOB00274
(Nitish Kumar Nagar) Executive Engineer Water resources Division Khajuwala
DIPR/C/3361/2025

राजस्थान सरकार
**कार्यालय-राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करौली**
मण्डरायल रोड, करौली, राजस्थान (322241)
Email ID:- gmckarauli@gmail.com Telephone No.-07464294340
क्रमांक-जी.एम.सी./करौली/2025/315 दिनांक-05.03.2025
**NIB No. 01/2024-25)**
Sealed Single Stage Two - envelopes and unconditional online Bids for Rate contract for One year to provide "Skilled And Highly skilled manpower for Government Medical College, Karauli are invited from interested bidders upto 27.03.2025 at 04.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state. The approximate value of the procurement is Rs. 200 lakh.
UBN NO. MES2425SLOBO0130
Principal Government Medical College, Karauli
DIPR/C/3353/2025


# सूचना उपलब्ध नहीं कराने पर पांच हजार का जुर्माना लगाया

## राज्य सूचना आयुक्त ने जेएनवीयू कुल सचिव पर जुर्माना लगाया

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर की जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी (जेएनवीयू) के कुल सचिव द्वारा आरटीआई के तहत सूचना उपलब्ध नहीं कराने के एक मामले में राज्य सूचना आयुक्त महेंद्र कुमार पारख ने कुल सचिव पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। यह राशि कुल सचिव के वेतन से काटकर आयोग को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। एक व्यक्ति ने वर्ष 2019 में सूचना के अधिकार कानून के तहत आवेदन कर कुछ सूचनाएं चाही थी। ये सूचनाएं नहीं मिलने पर एक्टिविस्ट ने अपील की थी।

जानकारी के अनुसार बाड़मेर के चौहटन निवासी जगदीश विश्नोई ने 4 दिसंबर 2019 को जेएनवीयू से

- **यह राशि कुल सचिव के वेतन से काटकर आयोग को भेजने के निर्देश दिए**

आरटीआई के तहत सूचनाएं मांगी थी। तय समय सीमा में सूचना उपलब्ध नहीं होने पर विश्नोई ने द्वितीय अपील की, तब परिवादी के पक्ष में 24 जून 2023 को फैसला हुआ। इसके बाद भी परिवादी को सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। तब परिवादी ने राज्य सूचना आयोग के समक्ष अपील दायर की गई। इस पर 9 अक्टूबर 2024 को राज्य सूचना आयुक्त की ओर से संबंधित पक्ष को नोटिस जारी किया गया। इसके जवाब में जेएनवीयू की ओर से अवगत कराया गया कि परिवादी को अभिलेख के अवलोकन हेतु आमंत्रित किया गया था, लेकिन परिवादी उपस्थित नहीं हुआ।

वहीं, द्वितीय अपील के आयोग के 24 जून 2023 के निर्णय से ही स्पष्ट हुआ कि अभिलेख के अवलोकन के संबंध में प्रत्यर्थी को कोई निर्देश नहीं दिए गए थे। बल्कि द्वितीय अपील में परिवादी द्वारा वांछित सूचना तृतीय पक्ष से संबंधित होने के प्रत्यर्थी के विनिश्चय को अस्वीकार करते हुए प्रत्यर्थी को सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। प्रत्यर्थी के प्रतिनिधि के अनुसार परिवादी को कोई सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है और न ही कोई लिखित या औपचारिक प्रत्युत्तर ही प्रस्तुत किया गया है। आयोग द्वारा प्रत्यर्थी को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत 10 अक्टूबर 2024 को नोटिस जारी किया गया। नोटिसों के बावजूद प्रत्यर्थी पक्ष द्वारा आयोग में कोई परिवादोत्तर प्रस्तुत नहीं किया और ना ही आयोग के निर्णय की पालना ही की गई। आयोग ने इसे आईटीआई कानून के प्रति लापरवाही माना और इसके लिए जेएनवीयू के राज्य सूचना अधिकारी को दोषी मानते हुए पांच हजार रुपए की शास्ति अधिरोपित करने के आदेश दिए। यह राशि प्रत्यर्थी के वेतन से काटकर यह राशि डिमांड ड्राफ्ट के जरिए राजस्थान राज्य सूचना आयोग के नाम 30 दिन में भेजने के आदेश दिए हैं।

# युवक ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी की

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के नागौरी गेट क्षेत्र शिफत हुसैन कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसकी मां का आरोप है पुत्रवधु उसे तंग और परेशान करती थी। उसके पुत्र ने छह महिने पहले ही इस लड़की से प्रेम विवाह किया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन के सुपुर्द किया है। मृतक की मां ने पुत्रवधु और उसके परिजन पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किए जाने का आरोप लगाते हुए नागौरी गेट थाने में रिपोर्ट दी है। अब इसमें अग्रिम जांच की जा रही है।

नागौरी गेट पुलिस ने बताया कि बम्बा मौहल्ला निवासी बानो पुत्री मोहम्मद इकबाल की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। मामले के अनुसार उसके एक पुत्र और दो पुत्रियां है। उसके पुत्र सिकंदर ने तकरीबन छह-सात महिने पहले एक लड़की से प्रेम प्रसंग के चलते शादी की थी। शादी के कुछ समय तक तो लड़की

- **मां का आरोप है पुत्रवधु उसे तंग और परेशान करती थी**
- **युवक ने छह महिने पहले ही प्रेम विवाह किया था**

उसके परिवार के साथ रही लेकिन बाद में वो उसके पुत्र को दूसरे घर में रहने को लेकर विवाद करने लगी थी। बाद में पुत्र और पुत्रवधु शिफत हुसैन कॉलोनी में अलग रहने लगे। यहां वे किराए पर रहने लगे। मगर लड़की और उसके परिजन सिकंदर को तंग और परेशान करते थे, जिसके चलते रविवार को सिकंदर ने घर में फंदा लगा लिया। पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया है। मृतक की मां की रिपोर्ट पर अब पुलिस ने जांच आरंभ की है। थानाधिकारी सैफाली सांखला तफ्तीश कर रही है।


**राजस्थान जनजाति क्षेत्रीय विकास सहकारी संघ लि0**
"जनजाति विकास भवन" उदयपुर, दूरभाष 0294- 2491740, ई-मेल rtadcf.tad@rajasthan.gov.in
एफ ( )राजससंघ/संस्थापन/2024-2025/2115 दिनांक :- 06/03/2025
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
राजससंघ के विभिन्न कार्यालयों में प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से निश्चित कार्य एवं निश्चित योजनाओं के लिए आवश्यकतानुसार मानव संसाधन की सेवाऐं लिये जाने के संबंध मे दिनांक 07.03.2025 को सायं 5.00 बजे से दिनांक 25.03.2025 को सायं 6.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त ई-निविदा संबंधी विस्तृत नियम एवं शर्ते वेबसाईट **http://eproc.rajasthan/gov.in** एवं **http://sppp.raj.nic.in** पर देखी जा सकती है। **UBN : TCF2425SLOB00001**
राज.संवाद/सी/24/12905 महाप्रबन्धक


## मंडी व्यापारी की कार का कांच तोड़कर बैग चुराया

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के सरदारपुरा स्थित सत्संग भवन के पास में मंडोर कृषि मंडी व्यापारी की कार का कांच फोड़कर एक बदमाश बैग चोरी कर ले गया। बैग में जरूरी दस्तावेजों के साथ 63 हजार की नगदी थी। पीड़ित की तरफ से इस बारे में सरदारपुरा थाने में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से शातिर की पहचान कर तलाश में जुटी है। मामले के अनुसार पाल रोड स्थित सुभाष विहार शास्त्री नगर निवासी अभिषेक फोफलिया पुत्र बालकिशन फोफलिया ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि वह मंडोर कृषि मंडी में दुकान चलाता है। 8 मार्च की शाम साढ़े पांच बजे वह दुकान से अपनी कार लेकर निकला था। बाद में वह छह बजे के आसपास सरदारपुरा सत्संग भवन पहुंचा। यहां पर सत्संग भवन में वह रात पौने 11 बजे तक रूका रहा।

# आत्महत्या करने के लिए रेलवे ट्रेक पर बैठे व्यक्ति को बचाया

**निवाई, (निसं)।** सदर पुलिस ने आत्महत्या करने जा रहे एक व्यक्ति को बचाया है। थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम जयपुर से हैड कांनि. रामबिलास द्वारा सूचना दी गई कि एक व्यक्ति आत्महत्या करने के लिए रेलवे ट्रेक पर बैठा है।

उन्होंने बताया कि उक्त सूचना पर

- **ऑनलाइन गेम में 45 हजार हारने से अवसाद में था**

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी के निर्देशन एवं डीवाईएसपी मृत्युजंय मिश्रा के सुपरविजन में थानाधिकारी हीरालाल वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

टीम द्वारा उक्त व्यक्ति की लोकेशन लेते हुए मोबाइल की लोकेशन के आधार पर तत्परता से चैनपुरा रेलवे फाटक निवाई पहुंचकर रेलवे ट्रैक पर बैठे हुए व्यक्ति को सवाईमाधोपुर से जयपुर की तरफ जा रही ट्रेन दयोदया एक्सप्रेस के आने से पूर्व रेलवे ट्रैक से उठाकर आत्महत्या करने से बचा लिया। उक्त व्यक्ति से आत्महत्या की धमकी देने का कारण पूछा तो उसने ऑनलाइन गेम में करीब 45 हजार रूपए हारने से अवसाद में आकर अपने घरवालों को आत्महत्या करने की धमकी देना बताया। पुलिस ने उक्त व्यक्ति को उसके घरवालों को सौंप दिया। थानाधिकारी वर्मा ने बताया कि उक्त व्यक्ति का गुप्त रखा गया है।


**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/273 - 275 Date : 04/03/2025
**ई-निविदा सूचना संख्या : 75/2024-25**
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : रूपये 545.15 लाख (13 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की अवधि | : 06.03.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 17.03.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : 06.03.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 17.03.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : 18.03.2025 को प्रातः 11:00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. : ITU2425WSOB00493 To ITU2425WSOB00505
अधिशाषी अभियन्ता - द्वितीय उदयपुर विकास प्राधिकरण
राज.संवाद/सी/24/12883


# गैंगरेप और ब्लैकमेल की घटनाओं के विरोध में भीलवाड़ा बंद रहा



गैंगरेप और ब्लैकमेलिंग की घटनाओं के विरोध में भीलवाड़ा में महाआक्रोश रैली निकाली।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के कोतवाली और प्रतापनगर थाना क्षेत्र व विजयनगर में हुए गैंगरेप और ब्लैकमेलिंग की घटनाओं के विरोध में संतों के आव्हान पर सोमवार को भीलवाड़ा बंद रहा। बंद का असर शहर के प्रमुख बाजारों में नजर आया। सुबह से ही शहर की सभी दुकानें पूर्णतया बंद रही और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा।

बंद के चलते सुबह 11:30 बजे दूधाधारी गोपाल मंदिर से महाआक्रोश रैली रवाना हुई। यह शहर के मुख्य मार्ग यह बड़ा मंदिर, भीमगंज थाना, गोल प्याऊ चौराहा होते हुए स्टेशन चौराहा, मशीनरी मार्केट, आजाद चौक से गुजरते हुए दोपहर दो बजे बजरंगी चौराहा पहुंची, जहां महा आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान लव जिहाद, गैंगरेप और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बंद के चलते पुलिस की ओर से संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनात किया गया। वहीं प्रमुख चौराहों के साथ बाजारों में पुख्ता सुरक्षा रही। शहर में बंद को सफल बनाने के लिए सात पाइंट बनाए गए। इसके तहत सात तय स्थानों पर संगठन के पदाधिकारी जुटे। इनमें नीलकंठ महादेव मंदिर शास्त्री नगर, दूधाधारी गोपाल मंदिर सांगानेरी गेट, टेम्पो स्टैंड सांगानेर, खेड़ाखुट मंदिर संजय कॉलोनी, छोटी पुलिया चौराहा सुभाष नगर, मालोला चौराहा, कुंभा सर्किल, चंद्रशेखर आजाद नगर और पांसल चौराहा शामिल थे। बंद को व्यापार मंडल और मेडिकल एसोसिएशन ने भी समर्थन दिया। यही नहीं कृषि मंडी, इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन और जिला बार एसोसिएशन के साथ व्यापारी एसोसिएशन ने भी बंद को समर्थन दिया है। इस बीच भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई ने भी बंद को समर्थन देने का ऐलान किया। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने भी बंद को समर्थन दिया।

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि बंद को लेकर शहर में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई है। शहर के प्रमुख चौराहों पर फिक्स पॉइंट बनाए गए हैं, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती किया गया। साथ ही वज्र वाहन, फायर और एंबुलेंस को भी अलर्ट मोड पर रखा गया। इसके अलावा जवानों की स्पेशल फोर्स शहर के संवेदनशील एरिया में तैनात की गई।

- **बंद के चलते पुलिस की ओर से संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनात किया गया था**
- **शहर के कोतवाली और प्रतापनगर थाना क्षेत्र व विजयनगर में हुए गैंगरेप और ब्लैकमेलिंग की घटनाओं के विरोध में महाआक्रोश रैली निकाली**

## चोरी की छह बाइक बरामद, तीन गिरफ्तार

**पाली, (नि.सं.)।** पाली पुलिस ने तीन शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी बिना नंबर की बाइक के साथ नाकाबंदी के दौरान पकड़े गए। पूछताछ की तो घबरा गए और बाइक चोरी की होना बताया। इस पर पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ की तो छह बाइक चोरी की वारदातें करना स्वीकार की। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर पाली शहर के बांडी नदी में छुपाई गई चोरी की दह बाइक बरामद की और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

कोतवाल अनिल विश्नोई ने बताया कि पाली जिले के सिरियारी थाने के फुलाद रोड जोजावर निवासी रतनलाल पुत्र तुलसाराम, नागौर जिले के चम्पापुर मेडास की ढाणी थांवला निवासी दिलीपसिंह पुत्र जीवनसिंह और ब्यावर जिला निवासी कंकीन्दरा (आनंदपुर कालू) निवासी घेवरराम पुत्र जालाराम को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को नाकाबंदी के दौरान पाली शहर के कवाड़ सर्किल पर बिना नंबर की बाइक के साथ पकड़ा था। पूछताछ में इन्होंने बाइक चोरी की होना बताया। इनकी निशानदेही पर पाली शहर के गुरलाई मार्ग की तरफ बांडी नदी में झाड़ियों में छुपाकर रखी चोरी की 6 बाइक बरामद की।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड भीनमाल**
E-mail : eephi.jal.phed@rajasthan.gov.in
क्रमांक-खण्ड/भीनमाल/निविदा/ /2024-25/3191-98 दिनांक-19/2/25
**बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 37-43/2024-25**
राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु लोक निर्माण और वित्तीय नियम के पार्ट-4 बियम 334 (ए) (iii) के तहत रु. 150.00 लाख तक की निविदाओं हेतु केवल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी दिमाग में पंजीकृत एवं इससे अधिक लागत की निविदाओं हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं हेतु नियमानुसार छूट के साथ एवं केन्द्र / राज्य सरकार के अधिकृत विभागों / संगठनों केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, रेल, ढाक, दूर संचार विभागों मे उपयुक्त समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से पूर्ण धरोहर राशि के साथ ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निम्न ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है:-

| बिड संख्या | NIB No. | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | बिड शुल्क (रूपये) | ई-प्रक्रिया शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 37/ 2024-25 | PHE2425 WSRC10294 | 30.00 | 60000/- | 1000/- | 1000/- | 12 माह |
| 38/ 2024-25 | PHE2425 WSRC10297 | 30.00 | 60000/- | 1000/- | 1000/- | 12 माह |
| 39/ 2024-25 | PHE2425 WSRC10298 | 30.00 | 60000/- | 1000/- | 1000/- | 12 माह |
| 40/ 2024-25 | PHE2425 WSRC10299 | 30.00 | 60000/- | 1000/- | 1000/- | 12 माह |
| 41/ 2024-25 | PHE2425 WSRC10301 | 30.00 | 60000/- | 1000/- | 1000/- | 12 माह |
| 42/ 2024-25 | PHE2425 WSRC10302 | 30.00 | 60000/- | 1000/- | 1000/- | 12 माह |
| 43/ 2024-25 | PHE2425 WSRC10303 | 30.00 | 60000/- | 1000/- | 1000/- | 12 माह |

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन बिड उपलब्ध होने की तिथि | 21.02.2025 |
| ऑनलाईन बिड डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 11.03.2025 को 6.00 पी.एम. |
| ऑनलाईन बिड खोलने की तिथि | 12.03.2025 को 2.00 पी.एम. |

बिड से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org, sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
(हेमन्त कुमार वैष्णव) अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड भीनमाल
DIPR/C/3542/2025